## 2.4 Students participating in NSS/NCC/Rangers and Rovers/Clubs

### NSS Activities

| Sr No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper/Media Coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 24/9/2024 | NSS Foundation Day Celebration | Capacity Building, Outreach,life skill enhancement | Dr.R.S. Gill ,Prof.Lekh Raj, Dr.Priti Bala | 50 | A/R Library-II -159 | Divya Himachal,Dainik Savera |
| 2 | 10/1/2024 | Swachhta he Sewa - NSS Volunteers cleaned PHC campus | Cleanliness Drive/ green initiatives | Dr Priti Bala & Prof Lekh Raj | 100 | A/R Library-II -164 | Divya Himachal |
| 3 | 26/12/2024 | Seven Days NSS Camp | Capacity Building, Social Outreach,NSS,Theme -Green Takipur, Clean Takipur,Village Adoption | Dr.R.S. Gill,Dr.Preeti Bala, Prof.Lekh Raj | 75 | A/R Library-II -202 | Divya Himacha/Dainik jagran |
| 4 | 30/12/2024 | Lecture Cyber Crimes and Drug Abuse | Capacity Building, Social Outreach,NSS,Anti Drug Abuse and Cyber literacy session | Dr.R.S. Gill,Dr.Preeti Bala, Prof.Lekh Raj, Police station incharge - Mr.Gurudev | 75 | A/R Library-II -208 | Dainik Jagran,Dainik Savera |



दैनिक सवेरा 25/9/2024

**तकीपुर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाया स्थापना दिवस**

सवेरा न्यूज/मनोज

कांगड़ा, 24 सितम्बर : राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस को स्थानीय इकाई द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आरंभिक उद्देश्य है कि हमें स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी प्रो. लेखराज डॉ. प्रीति बाला ने अपनी संयुक्त वक्तव्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की विस्तृत जानकारी देते कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर, पर छात्र युवाओं को सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के तहत विभिन्न कार्यों के लिए स्वयं सेवा करने से छात्रों को आत्मविश्वास मिलता है।

विद्यार्थियों को शपथ दिलाते कॉलेज के प्रिंसिपल


दिव्य हिमाचल 25/9/2024

**छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने में एनएसएस की भूमिका अहम**

जिला संवाददाता-कांगड़ा

तकीपुर कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें कालेज के प्राचार्य डा. आरएस गिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श नारा है मैं नहीं बल्कि आप यह लोकतांत्रिक जीवन का सार दिखाता है और विश्वास सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है। दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करता है और साथी व्यक्तियों के लिए भी विचार दिखता है। इसका आरंभिक उद्देश्य स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना है। स्वयंसेवियो को संदेश देते हुए कहा कि हमें स्वच्छता के साथ सामाजिक जीवन में फैली विकृतियों एवं कुरीतियों को भी दूर करना है। इस अवसर पर प्रो. लेखराज, डॉ. प्रीति भगवान दास, प्रो. विजय, प्रो. सुरेश, डा. अश्विनी, डा. सुनील, प्रो.अमन वालिया, प्रो. साहिल, प्रो. मेधा उपस्थित रहे।

उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें शोबिन पीयूशा, साहिल, अनुज मुस्कान वरसोला, पलक, तनिशा, कशिश, रूही आदि स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




दिव्य हिमाचल
1/10/2024

## पीएचसी तकीपुर में स्वच्छता का पढ़ाया पाठ

कांगड़ा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तकीपुर में सफाई अभियान चलाया। इसमें हॉस्पिटल के परिसर तथा आस-पास सफाई की गई। इस पर एनएसएस कार्यकम अधिकारी प्रो. प्रीति और प्रो. लेख राज ठाकुर ने साफ- सफाई रखने की नियमित आदत डालने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान डा. भगवान दास, डा. अश्वनी, प्रो. अमन वालिया, प्रो. सुनील जनक राज, मुनीष कुमार, योगेश्वर, ओंकार सिंह उपस्थित रहें।

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

30/12/2024

# राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में 'साइबर अपराध एवं नशे' पर व्याख्यान

सवेरा न्यूज/मनोज

कांगड़ा, 30 दिसंबर : अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन गोद लिये गांव तकीपुर में साफ सफाई अभियान एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के साथ वार्तालाप एवं उनके समस्याओं को लेकर के जागरूकता अभियान चलाया गया। और साथ ही साथ ही गांव में प्राकृतिक जल स्रोत बावड़ी की साफ-सफाई करवाई गई उसके पश्चात एकेडमिक सेशन में कांगड़ा के उप थाना प्रभारी गुरुदेव ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर स्वयंसेवियों को साइबर क्राइम और नशे के रोकथाम पर महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. अश्वनी कुमार, सहायक आचार्य भी उपस्थित रहे। प्राचार्य आर. एस. गिल ने नशे की लत को समाज के लिए एक गंभीर समस्या बताया और कहा कि यह न केवल व्यक्ति के जीवन को नष्ट करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर लेख राज ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस मौके पर डा. भगवान दास, प्रोफेसर विजय, प्रोफेसर अमन विलया, प्रोफेसर साहिल और जनक राज जी भी उपस्थित रहे। अंत में, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रीति वाला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और मुख्य वक्ता एव विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



कार्यक्रम के दौरान अप थाना प्रभारी के साथ कॉलेज के अध्यापक व विद्यार्थी।

# साइबर अपराध एवं नशे के विरुद्ध किया जागरूक

संवाद सहयोगी, जागरण • कांगड़ा : अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन गोद लिए गांव तकीपुर में साफ सफाई अभियान एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के साथ वार्तालाप एवं उनके समस्याओं को लेकर के जागरूकता अभियान चलाया गया। गांव में प्राकृतिक जल स्रोत बावड़ी की साफ सफाई करवाई गई। एकेडमिक सेशन में कांगड़ा के अतिरिक्त थाना प्रभारी गुरुदेव ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर स्वयंसेवियों को साइबर क्राइम और नशे के रोकथाम पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

उन्होंने सोशल मीडिया के अच्छे और बुरे पहलुओं पर चर्चा की और साइबर क्राइम से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डा अश्वनी कुमार, सहायक आचार्य भी उपस्थित रहे। प्राचार्य आरएस गिल ने नशे की लत को समाज के लिए एक गंभीर समस्या बताया और कहा कि यह न केवल व्यक्ति के जीवन को नष्ट करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है।

उन्होंने युवा पीढ़ी के बीच नशे की लत के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए नशा मुक्ति अभियान और शराब-गुटखे पर रोक लगाने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर लेख राज ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।




महाविद्यालय तकीपुर के एनएसएस स्वयंसेवी कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों व पुलिस अधिकारियों के साथ • जागरण

**(ii) NCC**

In session 2024-25 college had no NCC unit.

**(iii) Rangers & Rovers**

Rovers and Rangers is an important wing of Bharat Scouts and Guides. It is a voluntary, non-political, educational movement for students. Activities undertaken by the Rovers & Rangers are primarily based on community development. The college has just started a unit of this organization with about 24 students. The main activities of the unit are:

- Conducting training camps for member students
- Cleaning of the campus
- Celebrating important days like Independence Day,
- Republic Day,
- Founder's Day and Martyrs' Day
- Organize a web meeting for orientation of the student members

**Activities conducted by Rangers & Rovers unit of the college**


| Sr No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Organizer | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper /Media coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/02/2025 | One Day Workshop By Rovers and Rangers Unit | Birthday Of Baden Powell, Capacity Building, life skill enhancement | GDC Takipur | Dr.R.S. Gill,District Training Commissioner Suresh Dhiman, Mrs. Renuka Dhiman | 24 | A/R Library-II -218 | Dainik Savera,Divya Himachal |



दैनिक सवेरा 24/02/2025

**महाविद्यालय तकीपुर में रोवर रेंजर इकाई ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

सवेरा न्यूज/मनोज, कांगड़ा : आज अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्थानीय रोवर रेंजर इकाई के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज स्कॉट एवं गाइड के संस्थापक वेडिंग पावेल का जन्मदिन भी था। इस अवसर पर जिला कांगड़ा के स्कॉट एवं गाइड के ट्रेनिंग कमिश्नर सुरेश धीमान प्रिंसिपल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पडल कांगड़ा एवं रेणुका धीमान प्रवक्ता वाणज्यि राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल मंदल कांगड़ा में महाविद्यालय के रोवर एवं रेंजर्स को अपने व्याख्यान में स्काऊट एंड गाइड का महत्व एवं विभिन्न निर्धारित नियमों के अनुपालन की जानकारी दी तथा स्कॉटिंग का मुख्य उद्देश्य समझाते हुए लाइफ स्किल्स विकसित करने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर प्रोफेसर साहिल कुमार रेंजर लीडर प्रोफेसर मेधा शर्मा उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रविंद्र सिंह गिल ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत व धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ भगवान दास, प्रोफेसर विजय कुमार एवं डा. अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे।



तकीपुर कालेज में लाइफ स्किल्स विकसित करने पर बल

कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्थानीय रोवर रेंजर इकाई के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज स्कॉट एवं गाइड के संस्थापक वेडिंग पावेल का जन्मदिन भी था। इस अवसर पर जिला कांगड़ा के स्कॉट एवं गाइड के ट्रेनिंग कमिश्नर सुरेश धीमान, प्रिंसीपल राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टल कांगड़ा एवं रेणुका धीमान प्रवक्ता वाणिज्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंदल कांगड़ा में महाविद्यालय के रोवर एवं रेंजर्स को अपने व्याख्यान में स्काउट एंड गाइड का महत्व एवं विभिन्न निर्धारित नियमों के अनुपालन की जानकारी दी तथा स्कॉटिंग का मुख्य उद्देश्य समझाते हुए लाइफ स्किल्स विकसित करने पर बल दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोवर लीडर प्रोफेसर साहिल कुमार, रेंजर लीडर प्रोफेसर मेधा शर्मा उपस्थित रही। रेंजर लीडर ने कार्यशाला का संचालन किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रविंद्र सिंह गिल ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत व धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डाक्टर भगवान दास, प्रोफेसर विजय कुमार एवं डा अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल
24/02/2025

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

**(iv) Road Safety**

**Activities conducted by Road Safety club of the college as per the directions of the government**

| Sr No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Name of resource person | Number of participants | Register and Page | Newspaper/ Media coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25/9/2024 | Road Safety Club, HP Police | Road Safety Awareness LED Display in college campus | Dr.R.S. Gill | 45 | A/R Library-II - 161 | |
| 2 | 11/02/2025 | Slogan Writing , painting and quiz Competition Awareness about Road Safety | Capacity Building,life skill enhancement,Road Safety Awareness | Dr.R.S. Gill | 40 | A/R Library-II - 212 | Ujjawal Himachal |
| 3 | 27/02/2025 | Road Safety Quiz | Capacity Building, Social Outreach,Life skills | Dr.R.S. Gill | 40 | A/R Library-II - 223 | Dainik Savera,Divya Himachal, Dainik Jagran |

दिनाँक : 25/9/24

राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के प्राचार्य डॉ॰ आर॰ एस॰ गिल व हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशासन के सहयोग से महाविद्यालय परिसर के निकट विद्यार्थियों व जनता में सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने के लिए एक एल॰ इ॰ डी॰ (L.E.D.) डिस्प्ले (Display) बोर्ड लगवाया गया है।




Principal
A.B.V.G.D.C. Takipur

दिनाँक : 11/02/2025

उज्जवल हिमाचल

**सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा आयोजित नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएँ**

अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी महाविद्यालय तकीपुर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं छात्रों को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। ये प्रतियोगिताएँ 11 व 23 दिसंबर 2024 और 11 फरवरी 2025 को संपन्न हुईं, जिनमें 130 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन अवसरों पर महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. आर. एस. गिल ने उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं अपने प्रेरणादायक शब्दों से उन्हें प्रोत्साहित किया। पोस्टर मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं के निर्णायक डॉ. भगवान दास, प्रो. विजय कुमार एवं डॉ. अश्विनी कुमार थे, जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. प्रीतिबाला, प्रो. अमन वालिया, एवं प्रो. लेखराज ने किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. भगवान दास, प्रो. विजय कुमार, प्रो. सुरेश कुमार, डा अश्वनी कुमार, डॉ प्रीति बाला, प्रो. लेखराज प्रो. अमन वालिया, डॉ सुनील कुमार, प्रो. साहिल, प्रो. मेघा शर्मा, गुरदेव सिंह, जनक राज, मुनीश कुमार, ओंकार चंद, योगेश्वर, सविता एवं सुदर्शना प्रमुख रूप से शामिल थे। इन की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम को विशेष सफलता मिली

दैनिक सवेरा
27/02/2025

# अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, तकीपुर में सड़क सुरक्षा अभियान




**सवेरा न्यूज/मनोज**

कांगड़ा,26 फरवरी : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, तकीपुर में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में 24 फरवरी 2025 को सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नयन ने प्रथम स्थान, रोबिन सिंह ने द्वितीय स्थान और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात 26 फरवरी 2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय प्रांगण से आरंभ होकर तकीपुर, कंडी रोड होते हुए दौलतपुर बाजार तक निकाली गई। इस दौरान रोड सेफ्टी क्लब के स्वयंसेवकों ने राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली का समापन महाविद्यालय प्रांगण में हुआ, जहां डॉ. आर. एस. गिल ने स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों को संबोधित किया और सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस रैली में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से डा. भगवान दास, प्रो. सुरेश, डा. प्रीति वाला, डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रो. लेखराज, गुरदेव सिंह, जनक राज, मुनीष कुमार, योगेश्वर, ओंकार सिंह आदि शामिल रहे।

दिव्य हिमाचल
27/02/2025

## नयन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अव्वल

कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नयन ने प्रथम स्थान रोबिन सिंह ने द्वितीय स्थान और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आरएस गिल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डा. भगवान दास, प्रो. सुरेश, डा. प्रीति बाला, डा. अश्विनी शर्मा, प्रो. लेखराज, डा. सुनील कुमार, प्रो. साहिल, सविता, सुदर्शन, गुरदेव सिंह, जनक राज, मुनीष कुमार, योगेश्वर, ओंकार सिंह आदि शामिल रहे।

**(v) Red Ribbon/Eco/Youth Red Cross/any other club/society**

**a. Red Ribbon Club**

The Red Ribbon Club (RRC) is a voluntary on-campus intervention program for students. The main objective of the club is to create awareness about the deadly disease AIDS caused by HIV and spreading the message of voluntary blood donation. The Red Ribbon Club is a movement started by the Government of India in schools and colleges through which students spread awareness about HIV/AIDS.

The Red Ribbon Club of the college organizes various activities on AIDS, TB etc., along with creating consciousness about hygiene, female education and various other social issues.

| Sr No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper/Media Coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18/9/2024 | HIV AIDS Awareness session by **ICTC Counsellors** from Civil Hospital Kangra and **District Child Protection Office** | HIV-AIDS Awarenees, Health sensitization, Anti-Drug Abuse,Anti Sexual Harassment | Smt.Meena Kahlon, Smt.Vandana,Sh.Chandan | 140 | RRC Register | Geotagged Images attached |
| 2 | 9/11/2024 | National Legal Services Day Celebration | Gender sensitization, Social Outreach | Dr.R.S. Gill, Sh.Rahul Dhanotia | 60 | A/R Library-II -180 | Dainik Savera,Divya Himachal, Dainik Jagran, Ujjwal Himachal |
| 3 | 2/12/2024 | World AIDS Day-Awareness Activities | Public Health and Hygiene, Capacity Building, Social Outreach | Dr.R.S. Gill, Prof.Aman Walia, Prof.Medha Sharma | 60 | A/R Library-II -185 | Dainik Savera |
| 4 | 4/12/2024 | World AIDS Day-Awareness Activities-Rally by students in village Janiankhar | Public Health and Hygiene, Capacity Building, Social Outreach | Dr.R.S. Gill, Prof.Aman Walia, Prof.Medha Sharma | 55 | A/R Library-II -185 | Dainik Savera |
| 5 | 17/12/2024 | Anti Narcotic Force's Awareness Prog. | Public Health and Hygiene, Capacity Building, Social Outreach,Anti Drug Awareness | Dr.R.S. Gill,Dr.Rakesh Kumar Soni (Assistant Director-Regional Forensic Science Lab) | 120 | A/R Library-II -194 | Dainik Savera,Divya Himachal |
| 6 | 22/03/2025 | World TB Day Celebration under TB Mukt Bharat Program | Community's Role in TB Mukt Bharat, Aanganwadi workers of Changer Area. | SDM Sh.Ishant Jaswal,Aanganwadi Workers,Dr.RS Gill,RRC | 102 | A/R Library-III -10 | Dainik Savera,Pehli Nazar,Amar Ujala ,The Tribune |


Department of Youth Services & Sports H.P.
HIV/AIDS is transmitted
HIV/AIDS is not transmitted
ATAL BIHARI VAJPAYEE GOVT.
DISTT. KANGRA
NOT ME BU
NATIONAL SERV
GPS Map Camera
Taqipur, Himachal Pradesh, India
27R2+J73, Shimla-Kangra Rd, Taqipur, Himachal Pradesh 176038, India
Lat 32.041798°
Long 76.250686°
18/09/24 11:29 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Taqipur, Himachal Pradesh, India
27R2+J73, Shimla-Kangra Rd, Taqipur, Himachal Pradesh 176038, India
Lat 32.041326°
Long 76.251028°
18/09/24 11:50 AM GMT +05:30
Google

दैनिक सवेरा

## तकीपुर महाविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस



सवेरा न्यूज/मनोज, कांगड़ा : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रो. अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोतिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया , नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार,संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस आयोजन में छात्र छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी प्रदर्शित करते हुए मुख्य वक्ता से कानूनी विषयों पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए, जिनका अधिवक्ता ने बहुत सार्थकता के साथ संतोषजनक उत्तर दिये। कार्यक्रम के अंत में प्रो. विजय कुमार ने धन्यबाद प्रस्ताव पारित किय।

दिव्य हिमाचल

## भारतीय नागरिक संहिता पर बांटा ज्ञान

कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवसए महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्रो अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोतिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

दैनिक जागरण

## तकीपुर में कानूनी प्रक्रिया पर जागरूक किए विद्यार्थी

संवाद सहयोगी, जागरण • कांगड़ा : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया, जिसमें अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार, संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रो. विजय कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग से प्रो. प्रीति, प्रो. अश्वनी शर्मा, प्रो. सुरेश, प्रो. लेख राज, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. साहिल एवं लाइब्रेरियन सविता, सुदर्शन देवी व गैर शिक्षक वर्ग से आशू कुमार, ओंकार सिंह और योगेश्वर मौजूद रहे।

उज्जवल हिमाचल

## तकीपुर कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

November 9, 2024




उज्जवल हिमाचल। कांगड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रो. अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोतिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार,संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

Principal,
G.D.C., Takipur

# महाविद्यालय तकीपुर में एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन




बनाए गए स्लोगनों के साथ विद्यार्थी व अध्यापक गण।

**सवेरा न्यूज/मनोज कांगड़ा :** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय तकीपुर के रेड रिबन क्लन द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता सबन्धी कार्यकर्मो का आयोजन किया गया। रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय तकीपुर द्वारा पोस्टर मेंकिग, रंगोली तथा गली क्रिकेट का आयोजन किया गया ताकि एड्स संबंधी जागरूकता का प्रचार व प्रसार किया जा सके । रंगोली प्रतियोगिता में कुल 07 टीमों ने भाग लिया ढ्ढ प्रथम स्थान ग्रुप बी ( अंनिश कनिका हीना, अंकिता, रोबिन ) द्वितीय स्थान ( सोनाक्षी, सिमरन चौधरी, स्माइल, ज्योति, पायल बेगम ) व तृतीय स्थान ( तृषा, अंकिता, अकांक्षा रितिक्षा शिंवागी ) टीमों ने किया। इसी तरह पोस्टर मेंकिग में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान तृतीय स्थान अकांक्षा तथा तृतीय स्थान सुप्रिया ने हासिल किया। गली क्रिकेट में पियुषा ठाकुर की टीम ने साहिल की टीम को 21 रनों से हराया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो अमन वालिया ने बताया कि 04 दिसम्बर को जलाड़ी गांव की दुधिआल में एड्स जागरूकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। निर्णायक मण्डल में प्रो. भगवान दास, डॉ. प्रिती बाला, डा. अश्विनी कुमार, प्रो. साहिल, प्रो. लेखराज ने विशेष भूमिका निभाई । वहीं प्रो. मेधा शर्मा ने विद्यार्थियों को टी.बी. मुक्त भारत अभियान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा जागरूकता व रोकथाम सम्बधी उपायों से अवगत करवाया । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. भगवान दास के ने स्वयंसेवियों व नोडल अधिकारी अमन वालिया व प्रो. मेधा शर्मा को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।

Principal,
G.D.C., Takipur


SAFE BLOOD
TRANSFUSION
NO AIDS
GPS Map Came
Taqipur, Himachal Pradesh, India
27r2+j73, Shimla-kangra Rd, Taqipur, Himachal
Pradesh 176038, India
Lat 32.041511° Long 76.250786°
02/12/24 02:14 PM GMT +05:30
Google


RED RIBBON CLUB
GPS Map Camera
Janainkar, Himachal Pradesh, India
3753+qw, Janainkar, Kanjehr, Himachal Pradesh
176038, India
Lat 32.058084° Long 76.256494°
04/12/24 03:59 PM GMT +05:30
Google

# तकीपुर कॉलेज में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान



मुख्यातिथि के साथ कालेज के प्रिंसिपल , अध्यापक गण व सदस्य

सवेरा न्यूज/मनोज

कांगड़ा ,17 दिसंबर : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान से एंटी ड्रग एब्यूज़ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ढ्ढ डॉ. राकेश कुमार सोनी सहायक निदेशक क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की । प्राचार्य डॉ. आर.एस. गिल ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया ढ्ढ इस अवसर पर डॉ. सोनी ने अपने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ड्रग्स ऐसे पदार्थ हैं जो किसी व्यक्ति को मानिसक या शारीरिक स्थिति को बदल देता है ढ्ढ वह अपने मिस्तष्क के काम करने के तरीके, आपके महसूस, व्यवहार, करने के तरीके, आपकी समझ और आपकी इंद्रियों को प्रभावित करता है ढ्ढ उन्होंने कहा कि ड्रग्स का उपयोग करने से अक्सर व्यक्ति को पहले से मौजूद समस्याओं के अलावा अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं । इसलिए हमें अपने आप को व्यस्त रखना भी जरूरी है तथा हमें इन आदतों से दूर रहना चाहिए ढ्ढ इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है ढ्ढ शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफड़े, दिल की बीमारियां, शरीर की कमजोर होना, दस्त कमजोर होना, एड्स, मानिसक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है । अतः अंत में डॉ. आर. एस. गिल ने कहा कि जीवन की कठिनाइयों से उभरने के लिए सेल्फ मैनेजमेंट, अध्यापकों व माता पिता से सदा अपनी कठिनाइयाँ साझा करके उनके निवारण की ओर बढ़ने की सीख देता है। इस अवसर पर शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

# तकीपुर कालेज में एंटी ड्रग एब्यूज पर कार्यशाला




कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ 'आईक्यूएसी' एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान से एंटी ड्रग एब्यूज पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डा. राकेश कुमार सोनी सहायक निदेशक क्षेत्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला धर्मशाला ने वतौर मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डा. आरएस गिल ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया। इस अवसर पर डा. सोनी ने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. आरएस गिल ने विद्यार्थियों से कहा कि नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। अत: अंत में डा. आरएस गिल ने कहा कि जीवन की कठिनाइयों से उभरने के लिए सेल्फमैनेजमेंट, अध्यापकों व माता पिता से सदा अपनी कठिनाइयां साझा करके उनके निवारण की ओर बढ़ने की सीख देता है। इस अवसर पर शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

Principal,
G.D.C., Takipur.

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
22 मार्च, 2025 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा खबर देखते रहिए डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज तकीपुर में मनाया गया विश्व टीबी दिवस



पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस के अवसर पर, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज तकीपुर ने राष्ट्रीय अभियान टीबी मुक्त भारत के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में समुदाय द्वारा संचालित प्रयासों के महत्व पर जोर देने का लक्ष्य रखा गया।

कार्यक्रम में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरएस गिल ने भाग लिया, जिन्होंने टीबी के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक भागीदारी की आवश्यक भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य तक पहुंचना केवल स्वास्थ्य पेशेवरों की ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

**कार्यक्रम में टीबी के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक भागीदारी पर डाला प्रकाश**

कॉलेज में रेड रिबन क्लब के संयोजक प्रोफेसर अमन वालिया कार्यक्रम में मौजूद थे, जिन्होंने चर्चा में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण क्षण रेड रिबन क्लब की सह-संयोजक, प्रो. मेधा शर्मा द्वारा एक प्रस्तुति थी। उन्होंने चंगेर क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, कॉलेज के छात्रों और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक जानकारीपूर्ण सत्र दिया। प्रो. शर्मा ने लक्षणों, उपचार विकल्पों और टीबी रोगियों के प्रति समावेशी दृष्टिकोण के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए भी प्रोत्साहित किया - एक ऐसी भूमिका जिसमें टीबी रोगियों को आवश्यक सहायता प्रदान करना और उनके ठीक होने की यात्रा में सहायता करना शामिल है। हितधारकों को किसी भी तरह से योगदान करने और टीबी मुक्त भारत के लिए अधिवक्ता बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

अंत में, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज तकीपुर में आयोजित कार्यक्रम ने इस संदेश को पुष्ट किया कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत को प्राप्त करने के लिए एकजुट, समुदाय-संचालित प्रयास महत्वपूर्ण है। इसने एक अनुस्मारक के रूप में कार्य किया कि दृढ़ संकल्प और सामूहिक कार्रवाई के साथ, भारत तपेदिक को समाप्त करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

EVEREST
PUBLIC SCHOOL
...a begining in academic excellence
Jayanti Vihar, Kangra
9th/10th
+1/+2
Non-Medical
Medical
*Regular School With Competitive Coaching
*No Extra Tuitions Required
*Save on Time & Money
ADMISSION OPEN
Contact: +91-98160-63518

**b. Eco Club**

Eco Club is a voluntary group whose main objective is to promote the participation of students in learning about their environment. The Eco Club is a medium by which the youth can channelize their energy and act towards improving the environment. On 5th June, world's environment Day is being celebrated by the eco club of the college to create awareness about the dire need of saving the environment before it becomes too late.

***Activities of Eco Club of the college***

| Sr No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper/Media Coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/8/2024 | One day Tier -III training course on "Local Groundwater Issues of District Kangra and their Management" | Inculcate scientific temperament,Green Initiative,Skill enhancement Activity Capacity Building | Dr.KS Attri, Dr.RS Gill, Dr.Sanjay Pandey,scientist -B,Sh.Manohar Kumar,Assistant Hydrogeologist,Sh.Prashant Kumar Singh ,Senior Technical Assistant (CGWB) | 200 | A/R Library-II -137 | Pehli Nazar |
| 2 | 17/8/2024 | Tree Plantation drive by Eco Club | Green Initiative | Dr.R.S. Gill ,Eco Club | 30 | A/R Library-II -141 | Dainik Savera ,Pehli Nazar |
| 3 | 26/10/2024 | Swachhata Abhiyan | Capacity Building, Outreach,life skill enhancement | Eco Club ,RRC,GDCT | 70 | A/R Library-II -173 | Amar Ujala, Dainik Jagran, DIvya Himachal, Dainik Savera |
| 4 | 22/3/2025 | World Water Day - Workshop on water conservation ,Cleanliness Drive | Capacity Building, Developement of life skills ,Need for sustainable development | SDM Sh.Ishant Jaswal, SDO Jal Shakti Sanjay Bhardwaj, Dr.R.S. Gill | 75 | A/R Library-III -7 | Dainik Savera,Pehli Nazar,Amar Ujala ,The Tribune |


14/8/2024
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
तकीपुर कॉलेज में कांगड़ा के भूजल मुद्दे और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दिनांक : 17/08/2024

दैनिक सवेरा,
पहली नज़र

पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहायक हैं : डा. आर. एस. गिल

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा० आर० एस० गिल ने इको क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे धरती का सौंदर्य हैं। सारी धरती पेड़-पौधों की हरियाली से हरी-भरी रंग-बिरंगी तथा सुंदर दिखाई देती है। प्राचार्य ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में वृक्षों में देवी-देवताओं की झलक दिखाई देती है। उन्हें गर्मी सर्दी में इस प्रकार बचाया जाता है, जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं, फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से होती है।

अंत में इको क्लब के समस्त सदस्यों को संदेश देते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपने-अपने घरों में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में हमारी भूमिका भी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डा० आर० एस० गिल ने महाविद्यालय परिसर में औषधि पेड़ भी लगाए, जिसमें अश्वगंधा प्रमुख था।

Principal
A.B.V.G.D.C. Takipur

The Tribune : 24/3/2025




College students during a cleanliness drive on World Water Day at Takipur.

# Awareness campaign on World Water Day at Takipur college

OUR CORRESPONDENT

DHARAMSALA, MARCH 23

The Government College at Takipur in Kangra district organised an awareness programme on the occasion of World Water Day, under the joint aegis of the National Service Scheme (NSS) unit and the Central Ground Water Board, Government of India.

This year's theme was, "Water and sustainable development", which focused on the importance of water conservation. Natural water sources were cleaned. Local residents were encouraged to save water considering its importance in everyday life today.

Speaking on the occasion, college Principal Dr RS Gill highlighted the significance of water conservation. He said water consumption in India was increasing rapidly. He warned that if water crisis was not addressed in time, the situation could become severe in the future. He also emphasised on the need to turn Prime Minister Narendra Modi's "Catch the Rain" campaign into a mass movement.

On the occasion, Dr Sanjay Pandey, hydrogeologist, and ML Meena, Executive Engineer, Central Ground Water Board, Dharamsala, were present as special guests. They delivered a detailed lecture on the importance of water conservation and honoured NSS volunteers with T-shirts and caps.

**Cleanliness drive in surrounding areas**

"Swachhata Pachhwara", a cleanliness drive was held in the surrounding areas of Takipur to collect and scientifically dispose of plastic waste. College students together with volunteers of Anganwadi and Mahila Mandal and panchayat representatives enthusiastically participated in the cleanliness drive to conserve water sources. On the occasion, Ishaant Jaswal, Sub-Divisional Officer (Civil), Kangra, who was the chief guest, highlighted the urgent need for water conservation, while emphasising on the judicious use of water and saving it from pollution. Besides, Jal Shakti Department (JSD), Kangra division, and Government College in collaboration with Gramin Yuva Sangathan, Daulatpur, organised an awareness workshop on the occasion of World Water Day.